







## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.
वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्धकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्॥

# खुदाई में निकली मां कंकालिन देवी, तालाब में नहाने से दूर होता है चर्म रोग

## चर्म रोग से पीड़ित राजधानी के अलावा दुर्ग, राजनांदगांव व कोंडागांव से लोग यहां पहुंचे और ठीक हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर से लगे हुए छोटा सा गांव पटेवा है जहां सैकड़ो वर्ष पहले तालाब की खुदाई में स्वयंभू मां कंकालिन देवी की प्रतिमा निकली। ये गांव



पंचकोशी धाम के नाम से पूरे छत्तीसगढ़ में प्रसिद्धि पाया हुआ है। सावन और पौष में पंचकोशी यात्रा पटेवा के पटेश्वरनाथ महादेव की पूजा और दर्शन के बिना पूरा नहीं होता। एक तरह से इस सौभाग्यशाली गांव में शिव और शक्ति दोनों के दर्शन होते है। तालाब की खुदाई में माताजी की मूर्ति के अलावा पुरातत्व के बहुत सारे अवशेष उपलब्ध है। मसलन चक्र, गणेश का सिर कटा, दो हाथ वाला गणेश, जलहरि सहित रहस्यमय पत्थर शामिल है। जनश्रुति के अनुसार इस गांव की आबादी जब काफी कम थी तथा चारों तरफ घना जंगल था तब एक दिन सायंकाल इस गांव के कुछ ब्राम्हण और तारक परिवार के बुजुर्ग बैठे थे तभी एक भैंसा जो कीचड़ से सना हुआ था जिनके सिंगों में पानी में मिलने वाले घास-फुंस लगा हुआ था। रफ्तार में दौड़ते हुए आया। बैठे हुए लोगों ने तब अंदाजा लगाया कि इस दिशा में कहीं न कहीं पानी का श्रोत है। अगले दिन गांव के लोग वहां जाकर देखे तो एक छोटा सा डबरी दिखाई दिया। यह डबरी गर्मी के दिन में पूरी तरह से सुख गया। तब ग्रामीणों ने उस डबरी की खुदाई शुरू किया तो वहां पर खुदाई से पुराने जमाने के मंदिर के पत्थर के कलश, स्तंभ और देवी की यह मूर्ति मिली। कालांतर में माता कंकालिन की मूर्ति को पर्णकुटीर बनाकर स्थापित किया गया और पूजा-पाठ शुरू की गई। धीरे-धीरे दान दाताओं ने पर्णकुटीर में दो कमरों का निर्माण करा दिया जो आज एक भव्य मंदिर का रूप ले चुका है और वहीं डबरी बड़ा तालाब के रूप में विकसित हो गया है। मंदिर समिति के संरक्षक प्रसन्न शर्मा बताते है कि देवी मां के इस मंदिर में तीन साल में एक बार चैत्र नवरात्रि में ही ज्योति कलश की स्थापना होती थी हमने भक्तों की मांग पर दोनों नवरात्रि चैत्र एवं क्वांर में ज्योति कलश प्रज्जवलित कराने का प्रस्ताव रखा जिस पर ग्रामवासियो के विरोध का सामना करना पड़ा। बावजूद मैने ठान लिया। तब गांव वालों ने कहा कि तीन साल वाली परंपरा टुटने पर किसी भी तरह से देवी प्रकोप को स्वयं झेलने के लिए आपको ही तैयार रहना होगा इस पर मैने हामी भरी। कुछ वषों तक दोनो नवरात्रि में ▶▶|शेष पेज 11 पर

### 207 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

मंदिर समिति के सचिव मिथलेश साहू ने बताया कि माता कंकालिन के प्रति आस्था और श्रद्धा के चलते ज्योति कलश जलाने वाले लोगो की संख्या दिन ब दिन बढ़ती चली जा रही है। इस साल 207 ज्योति कलश प्रज्जवलित हुआ है। मंदिर परिसर में पहुंचने पर कितनो ही अशांत व्यक्ति शांति का अनुभव महसुस करते है। मंदिर परिसर में पांच महादेव का शिवलिंग भी स्थापित है जो दर्शनीय है। एक साथ पांच शिवलिंग देखने में कहीं नही आता। यहां पहुंचने वाले भक्त शिव और शक्ति का दर्शन प्राप्त करते है।





पटेवा में शिव और शक्ति दोनों के होते हैं दर्शन

### दूर-दूर से आते हैं लोग होती है मुराद पूरी

मंदिर के बैगा-पुजारी शिवनाथ तारक ने हरिभूमि को बताया कि वह सातवां पीढ़ी का पुजारी है। इसके पहले उनके बाप, दादा, परदादा यहां पुजारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके है। बताया कि माता कंकालिन साक्षात बिराजी हुई है। लोग मुराद लेकर दूर-दूर से यहां आते है। उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। निकुंभ गांव की एक विवाहिता जिनके बच्चे नहीं हो रहे थे वे यहां आकर मन्नत की फिर उनके दो बच्चे हुए। वे हर साल दर्शन के लिए यहां पहुंचती है। बताया कि जिस तालाब में खुदाई से माता कंकालिन निकली है इसका महात्म्य है कि यहां तीन गुरूवार, सोमवार को मिट्टी लगाकर स्नान करने से सारे चर्म रोग दूर हो जाते है। बैगा-पुजारी ने उदाहरण के साथ बताया कि चर्म रोग से पीड़ित राजधानी रायपुर के अलावा दुर्ग, राजनांदगांव, भिलाई, भानुप्रतापपुर, कोंडागांव जैसे अनेकों जगहों से लोग यहां पहुंचे और वे देवी मां की कृपा से ठीक हुए है।

---

दहशत : हाथियों के चिंगघाड़ से दहल उठा जंगल, जिड़ार व सिंहार में सप्ताहभर से डेरा

# 45 हाथियों के दल ने झोपड़ियों को तोड़ा, धान व मक्का के फसल को जमकर पहुंचा रहे नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मैनपुर के जंगल में पिछले एक सप्ताह से हाथियों के दल ने डेरा डाल दिया है और किसानों के धान व मक्का के फसल को जमकर नुकसान पहुंचा रहा हैं। किसानों के खेतों में बने कई लारियों, झोपड़ियों को हाथियों ने उत्पात मचाते हुए तोड़–फोड़ किया है। हाथियों के चिंघाड़ से पूरा क्षेत्र दहल उठा है। वन विभाग के अफसर, अधिकारी व कर्मचारी सहित हाथी मित्रदल के सदस्य लगातार हाथी प्रभावित ग्रामों में पहुंच कर ग्रामीणों को जंगल की तरफ नहीं जाने की अपील कर रहे हैं। इन दिनों जंगल में बारिश के बाद बड़े-बड़े पेड़ पौधे उग जाने के कारण हाथी मित्रदल को हाथियों पर निगरानी रखने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार हाथियों का दल कुल्हाडीघाट पहाड़ी से उतर कर जिड़ार, सिंहार, चलकीपारा, गिरहोला के जंगल में पिछले 7 दिनों से डेरा डाल दिए हैं शाम होते ही हाथियों का दल सीधे गांव की तरफ आ रहे हैं और धान मक्का के फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हाथियों से अपनी सुरक्षा के लिए ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री आवस, पक्के मकान के ऊपर मचान बनाकर रात भर जाग–जाग कर रतजगा कर रहे हैं। इस हाथियों के दल में 42 से 45 की संख्या में हाथी होना बताया जा रहा है जिसमें छोटे–छोटे तीन नन्हे शावक भी हैं और दिनभर हाथियों का दल गांव के नजदीक कांटादोना के जंगल में अपने नन्हे शावकों को चारो तरफ से घेर कर विचरण करते दिखाई दे रहे हैं पास ही पैरी नदी के किनारे हाथियों का दल विचरण कर रहा है तो वहीं किसानों के धान और मक्का के फसल अब तैयार हो रहे है ऐसे समय में हाथियों के दल के द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाये जाने से किसान परेशान हैं और चिंतीत नजर आ रहे हैं। शुक्रवार सुबह 7 बजे तक हाथियों का दल सिंहार गांव के नजदीक विचरण करता रहा, जिससे ग्रामीण अपने घर के छतों से देख रहे थे।

### मुआवजा दिया जाएगा

हाथियों का दल कुल्हाड़ीघाट पहाड़ी से उतर कर मैनपुर जंगल में पहुंच गया है और इन दिनों सिंहार, जिड़ार के आसपास विचरण कर रहे है वनविभाग द्वारा लगातार मुनादी कराकर और गांव - गांव पहुंच कर लोगों को सुरक्षा की दृष्टी से जंगल की तरफ नहीं जाने की अपील किया जा रहा है। लगातार वन फसल क्षति का आकलन कर रही है किसानों को मुआवजा दिया जयेगा।

**राजेन्द्र सोरी,** एसडीओ
वनविभाग मैनपुर

### हाथियों की दहशत से घर से नहीं निकल पा रहे ग्रामीण

*नगर से महज 06 किलो मीटर दूर सिंहार, गिरहोला, चलकीपारा के जंगल कांटा दोना के पास हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इन दिनों नवरात्र व दशहरा का पर्व है हाथियों का दल नजदीक होने के कारण ग्रामीणों में भारी दहशत देखने को मिल रहा है क्योंकि त्यौहारी सीजन होने के कारण देर शाम तक ग्रामीणों को आना- जाना करना पड़ता है लेकिन हाथियों के दहशत के कारण घर से नहीं निकल पा रहे हैं।*

### दल से बिछड़कर नर हाथी आमामौरा व ओढ़ की तरफ बढ़ा

*हाथियों के दल से एक नर हाथी बिछड़ कर आमामौरा ओढ़ की तरफ पहुंच गया है और दल से बिछड़ने के कारण यह हाथी काफी आक्रमक दिखाई दे रहा है। दो दिन पूर्व इस हाथी को मुख्यमार्ग में देखकर कई ग्रामीण वापस लौट गए और रात धवलपुर में गुजारने को मजबूर हुए क्योंकि यह सिंगल हाथी अचानक किसी भी मार्ग में चले जा रहा है।*

# कलेक्टर व एसडीएम से सरपंच के खिलाफ ग्रामीणों ने की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर से लगे ग्राम पंचायत परसदा के रामजी खिलयारे, संतराम बारले, फागुराम, पवन बारले ने कलेक्टर एवं एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सरपंच महेश्वरी-तिलक साहू के खिलाफ लिखित में शिकायत करते हुए जांच की मांग की है। कहा है कि जांच में दोषी पाए जाने पर सरपंच के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। इन ग्रामीणों ने शिकायत पत्र में लिखा है कि सरपंच ने शासकीय जमीन की कौहा व बबुल के पेड़ करीब 40 हजार रुपए का बेचकर अपने निजी स्वयं के हित में खर्च किया है जिससे पंचायत को आर्थिक क्षति हुई है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से कोई अनुमति भी नहीं लिया है। इसी तरह से सरपंच महेश्वरी-तिलक साहू करीब 2 एकड़ शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर धान बोया है। प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराकर शासकीय भूमि में मकान बनाया है। स्वयं सरपंच पद पर होते हुए अपने पारिवारिक महिला समुह के नाम से मछली पालन के लिए तालाब को लेकर आर्थिक लाभ ले रही है इसी पारिवारिक महिला समुह को माध्यम बनाकर गौठान में भी पारिश्रमिक अनुदान राशि प्राप्त कर रही थी। शिकायतकर्ता ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच महेश्वरी-तिलक साहू ने कोटवार रिखीराम की जाति को भी बदलकर फर्जी जाति प्रस्ताव कराकर अनुसूचित जाति का लाभ दिलाने का फर्जी कार्य किया है। इस संबंध में सरपंच तिलक-महेश्वरी साहू से उनका पक्ष जानने दो बार फोन लगाया गया लेकिन रीसीव नहीं किया।

## खबर संक्षेप

### रोहिना में माता का जगराता आज

**कोपरा।** ग्राम रोहिना में 6 अक्टूबर को रात्रि कालीन भव्य जगराता,



पं. विवेक शर्मा का कार्यक्रम जनजागरण नवयुवक समिति रोहिना एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध जस सम्राट एवं लोकगीत गायक पंडित विवेक शर्मा के द्वारा माता रानी का भव्य माता जगराता का आयोजन किया गया है। पं. विवेक शर्मा जिन्होंने मोला बेटा कही के बुला ले, मोर दुर्गा दुलौरीन दाई जैसे प्रसिद्ध देवी जस गीतों को रोहिना के धार्मिक स्थल पर सुनने जा रहे हैं। समितियां द्वारा बताया कि जगराता का आयोजन मंडी प्रांगण में रात्रि 8:00 बजे प्रारंभ होगा।

### 2 मोटर साइकल आपस में टकराई, बच्चे का टूटा पैर



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में शनिवार दोपहर 3-4 बजे के आसपास प्राथमिक शाला के सामने नेशनल हाईवे में दो मोटर सायकल आपस में टकरा गया जिससे एक मोटर सायकल में अपने परिजन के साथ बैठे एक नौ साल के बच्चे का पैर फैक्चर हो गया। जिसे मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए ले जाया गया है। जहां उनके परिजन बच्चे को इलाज के लिए प्राईवेट अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम इंदागांव के 9 वर्षीय दमन हरपाल का पैर फैक्चर हो गया है।

# नागेश का विश्राम गृह जर्जर, मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखण्ड के उदंती अभ्यारण के भीतर नागेश में वर्षों पहले निर्माण किए गए वनविभाग का यह विश्राम गृह अब बेहद जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। यह विश्रामगृह अपने समय में काफी गौरवशाली रहा है। उदंती अभ्यारण में वन्यप्राणियों को देखने वाले तथा खासकर गोड़ेना फाल जलप्रपात जाने वाले पर्यटकों के लिए यह



विश्रामगृह बेंहद राहत देता था। क्योंकि जंगल के भीतर वनविभाग द्वारा निर्माण किया गया इस विश्रामगृह में पर्यटकों के रूकने और भोजन की व्यवस्था हो जाती थी। अब इस ▶▶|शेष पेज 11 पर

# प्रदेश साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|राजिम

प्रदेश साहू संघ के आईटी प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह 6 अक्टूबर को रायपुर के कर्मा धाम कृष्णा नगर में दोपहर 12 बजे होगा। आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू के हवाले से राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के डिप्टी सीएम अरूण साव व पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, कसडोल के विधायक संदीप साहू, अभनपुर के विधायक इंद्रकुमार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, भांटापारा विधायक इंद्रकुमार साव एवं धमतरी विधायक ओंकार साहू मौजूद रहेंगे।

## गरबा नृत्य में शामिल हो रही मातृशक्तियां...



राजिम। राजिम में नवदुर्गोत्सव के पावन अवसर पर गरबा की बड़ी धूम मची हुई है। गरबा नृत्य में शामिल होने बड़ी संख्या में मातृशक्तियां पहुंच रही है। यह आयोजन शहर के शासकीय रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर में हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सुजाता शर्मा मौजूद रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में समिति के सोमनाथ पटेल ,खुशी साहू ,संजीव साहू, महेंद्र कश्यप, चंदन बंजारे, विजेता देवानी तथा राष्ट्रीय आईटी सेल के सदस्य विवेक शर्मा शामिल थे। प्राचार्य संजय एक्का, संजय श्रीवास्तव, संतोष सूर्यवंशी, विक्रम ठाकुर, नीता यादव, प्रणीति चंद्राकर, पूजा मिश्रा, मधु गुप्ता, सरिता साहू, पिंकी तारक, उपासना भगत, नेहा सिंह, साक्षी चंद्राकर, नारायण साहू, पुर्णेंद्र बाघमार, जितेंद्र साहू, कैलाश साहू, अंगेश गंगेले, शशिकला सिन्हा, सुलेखा साहू, बबली मांडरे का योगदान रहा।

कई कलाकार 20-25 वर्षों से अभिनय छोड़ चुके हैं

# वर्षों बाद कलाकार फिर करेंगे रामलीला में अभिनय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ग्राम रसेला की ऐतिहासिक पारंपरिक दशहरा उत्सव का आयोजन कई वर्षो से किया जा रहा है। विजयदशमी का पर्व 12 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इसके लिए अभी से रामलीला की तैयारियां गणेश पक्ष से शुभारंभ हो गया है। मालूम हो कि इस बार 30 साल से पाठ करना छोड़ दिया था वो कलाकार फिर से इस बार 12 अक्टूबर विजयदशमी के दिन रसेला के मैदान में रात्रिकालीन 8 बजे अपने अपने पाठ करते हुए नजर आऐंगे। विजयदशमी के दिन शाम को गांव के देवी देवता को बाजे गाजे के साथ ही भगवान श्री राम, लक्ष्मण, हनुमान, विभीषण सहित वानर सेना के साथ चंडी माता के विधिवत पूजा अर्चना कर मैदान में रामलीला का मंचन किया जाएगा। जिसमें राम - रावण संवाद अक्षय कुमार, कुंभकर्ण, मेघनाद सहित प्रसंगों का मैदान में मंचन किया जाएगा। जिसमें भगवान श्री राम की भूमिका में सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, लक्ष्मण कार्तिक यादव, विभीषण के रोल में वेदव्यास निषाद जिसका उम्र 61 वर्षो हो चुका है। हनुमान पुरोहित यादव, अंगद देवलाल निषाद के पाठ करेंगे। रसेला में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 35 फीट का रावण पुतला दहन किया जाएगा। लंका पति रावण हूं यह सुनकर एवं देखकर लोगों में झजझक उत्पन्न हो जाता है। विजयदशमी के दिन मैदान में अक्षय, कुंभकर्ण, लक्ष्मण, मेघनाद का संवाद होता है। इस बार लंका पति रावण का भूमिका निभा रहे हैं नंदकिशोर यादव, वहीं कुंभकर्ण के रोल में दिखेंगे लघु वनोपज समिति रसेला के प्रबंधक केशव यादव, मेघनाद हबीब खान, अक्षय चम्पेश्वर निषाद, मंत्री के पाठ करेंगे शिक्षक और लंबू के नाम से जाने जाते देवलाल यादव, दूत के रोल निभा रहे हैं जाने माने कलाकार संतराम नेताम, सहयोगी कलाकार के रूप में रामायण ठाकुर, अशवत सेन, कैलाश यादव, अप्सरा के रूप मंच पर आऐंगे धनीराम यादव, छबीलाल नागेश । भूमिका निभाने वाले कलाकारों के लिए शहर से आवश्यक सामान खरीदें जा रहें हैं, जिसमें मुकुट, सेरवानी, पजामा, धोती, गदा, धनुष बाण, तलवार, त्रिशूल, डमरू इत्यादि सामना खरीदा जाएगा। इस बार सोच समझकर कलाकार अपनी अपनी पाठ उत्साह पूर्वक निभाएंगे। रावण दहन के पश्चात जागृति नवयुवक मंडल द्वारा भूत बंगला नाटक का मंचन रंगमंच हनुमान मंदिर में किया जाएगा।

# टोकरो में साल्हे टोला का नाचा कार्यक्रम आज

**नवापारा-राजिम।** ग्राम टोकरो के गांधी चौक में 6 अक्टूबर रविवार को साल्हे टोला का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन होगा। वहीं 10 अक्टूबर को जगराता कार्यक्रम व 11 को जय अंबे जस झांकी का कार्यक्रम होगा।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए हाईस्कूल रोहिना प्राचार्य सम्मानित

**सरायपाली।** अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा अंजोर भारत छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित स्व प्रेमसिंह साव आदर्श शिक्षक सम्मान समारोह में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने के लिये शासकीय हाई स्कूल रोहिना प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल को मुख्य अतिथि विधायक डॉ संपत अग्रवाल के हाथों शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया एवं इस अवसर पर समिति के संस्थापक सदस्य के रूप में व्याख्याता कमलेश साहू को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### शतरंज स्पर्धा के मुख्य संयोजक बनाए गए हेमंत



**महासमुंद।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के लिए राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2024 मध्य क्षेत्र संभाग क्रमांक 02 स्तर शतरंज स्पर्धा का आयोजन आगामी 7 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक अंतराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में किया जा रहा है। इस आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पिथौरा के हेमंत खुटे को मुख्य संयोजक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास निगम ने नियुक्त किया है।


### प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात

**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के सफलता पूर्वक विराम होने पर आज प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने तक ये यात्रा जारी रहेगी।

## शिक्षा व्यवस्था : राष्ट्रीय स्तर पर परख परीक्षा की तैयारी

# शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए बढ़ते कदम योजना, हुई तिमाही परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



जिले में शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर बनाने और बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने के उद्देश्य से महासमुंद जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में बढ़ते कदम योजना का संचालन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत ने बताया कि इस योजना के तहत कक्षा पहली से बारहवीं तक की एकीकृत तिमाही परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जो 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक जिले के सभी सरकारी स्कूलों में संचालित है। प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हाई-हायर सेकंडरी स्कूलों में यह परीक्षा अलग-अलग पालियों में हो रही है। तिमाही परीक्षा के प्रश्न पत्रों का निर्माण जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, कमल नारायण चंद्राकर के नेतृत्व में विज्ञान परिषद के सहयोग से गठित समिति द्वारा किया गया है। प्रश्नपत्रों को बोर्ड परीक्षा के ब्लू प्रिंट के आधार पर बनाया गया है, जिसमें जिले के सभी ब्लॉकों से विषय विशेषज्ञों को शामिल किया गया। प्रश्न पत्रों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए पासवर्ड एनक्रिप्टेड प्रश्न पत्र प्रधान पाठकों और प्राचार्यों को उपलब्ध कराए गए हैं।

जिले के सभी स्कूलों में पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक साथ परीक्षा का आयोजन पहली बार हो रहा है, जिसे ऐतिहासिक माना जा रहा है। इस परीक्षा के परिणाम दशहरा अवकाश के बाद घोषित किए जाएंगे, जिसके बाद पालक-शिक्षक बैठकों में छात्रों के प्रदर्शन पर चर्चा की जाएगी। बढ़ते कदम योजना के तहत न केवल परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, बल्कि छात्रों की नियमित उपस्थिति पर भी ध्यान दिया जा रहा है। यदि कोई छात्र दो दिन से अधिक अनुपस्थित रहता है, तो प्राचार्य पालकों से संपर्क कर अनुपस्थिति के कारणों की जांच करते हैं। इस पहल से तिमाही परीक्षा में बोर्ड कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति में सुधार देखा गया है। कक्षा तीसरी, छठवीं और नवमी के छात्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली "परख" परीक्षा की तैयारी के तहत जिले में विशेष अभ्यास परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। कक्षा तीसरी के छात्रों के लिए 5 सितंबर को "परख" परीक्षा के पैटर्न पर आधारित अभ्यास परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें छात्रों को ओएमआर शीट भरने और संभावित प्रश्नों के समाधान का अभ्यास कराया गया। छठवीं और नवमी कक्षाओं के लिए इस प्रकार की अभ्यास परीक्षाएं दशहरा अवकाश के बाद आयोजित की जाएगी, जिससे छात्रों को परख परीक्षा की तैयारी में मदद मिल सके।

## नशामुक्त भारत का निर्माण एक पहल जन जागरुकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नम्रता चौबे के निर्देशन में विकासखंड के समस्त उच्च प्राथमिक एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में नशामुक्त भारत का निर्माण-एक पहल जन जागरूकता अभियान हेतु एक अच्छी शुरुआत की गई है। बालहित, समाज हित में नशामुक्त, स्वस्थ समाज के लिए इस अभियान को सफल बनाने हेतु प्रत्येक विद्यालयों में एक-एक शिक्षक को नोडल शिक्षक नियुक्त किया गया है जिन्हें विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया है।

शनिवार बेगलेस डे के अवसर पर नशामुक्ति हेतु सामूहिक रुप से नशामुक्ति जन जागरुकता रैली का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय द्वारा बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी एवं बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल, प्राचार्य मनोज पटेल के संयुक्त मार्गदर्शन में किया गया।

नोडल शिक्षक यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों, पालकों ने मिलकर सामुहिक रुप से जनजागरुकता रैली में नशामुक्ति संबंधी स्लोगन लिखकर, तख्तियां हाथों में लेकर नारे लगाते हुए बैनर, पोस्टर सहित वार्ड / गलियों में जाकर नशामुक्ति का संदेश दिया और पांपलेट भी बांटे गए और नशा से होने वाली बीमारी, इसके दुष्परिणाम को उजागर किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ते हुए नशे की समस्या की रोकथाम एवं आमजन को इसके प्रति सजग/जागरूक करना है।

# पुरुषोत्तम कौशिक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

05 अक्टूबर शनिवार को छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू शिक्षण समिति महासमुंद द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री, प्रखर समाजवादी नेता व चंद्रनाहू शिक्षण समिति के संस्थापक स्व. पुरुषोत्तम कौशिक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू शिक्षण समिति द्वारा कौशिक के प्रतिमा पर पुष्पांजलि व माल्यार्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। साथ ही उपस्थित शिक्षण समिति के अध्यक्ष, पदाधिकारी व सदस्यों, समाजवादियों एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा कौशिक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। पश्चात राहुल चंद्राकर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू शिक्षण समिति, चंद्रहास चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष, चंद्रपाल चंद्राकर, प्रलय थिटे, दाऊलाल चंद्राकर, प्रमोद तिवारी, रुपेश तिवारी के आतिथ्य में कौशिक के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर विचार अभिव्यक्ति के लिए संगोष्ठी प्रारंभ किया गया। इस मौके पर दाऊलाल चंद्राकर, चंद्रहास चंद्राकर, प्रलय थिटे, रुपेश तिवारी, राजेश्वर खरे, चमन चंद्राकर, प्रमोद तिवारी, रामानंद चंद्राकर ने कौशिक के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्री के साथ-साथ केंद्रीय समिति, यूनियन, केंद्रीय मंत्रालय समितियों में अध्यक्ष, सलाहकार एवं सदस्य के रुप में भी देशहित को ध्यान में रखकर सदैव जनहित में कार्य किए। कौशिक जमींदार परिवार के होने के पश्चात



भी संघर्ष का जीवन व्यतीत करना स्वीकार किए। समाजवाद के पुरोधा ने समाजवादी विचारधारा में रहकर राजनीति में एक ऐसा आयाम खड़ा किए है, जिसे देश का हर व्यक्ति याद करता है और उनके इस चरित्र, आदर्श का अनुकरण करने का प्रयास करते है। कौशिक अपने जीवन में कृषि, मजदूर और आदिवासियों के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक उत्थान के लिए खेतिहर संघ का गठन किए। साथ ही सहकारी आंदोलन में रुचि लेकर सहकारिता के क्षेत्र में भी किए गए कार्य को आज भी हम याद करते है। इस अवसर पर अध्यक्ष-राहुल चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष-द्रोण चंद्राकर, चंद्रपाल चंद्राकर, संयुक्त सचिव-बंशी चंद्राकर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र चंद्राकर, कार्यकारिणी सदस्यगण-दाऊलाल चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, पुष्कर चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, हर्षित चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, सजल चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, हरिश चंद्राकर, प्रवीण चंद्राकर, ईश्वर चंद्राकर, केशव चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, विनोद सेवनलाल चंद्राकर, चंद्रहास चंद्राकर, चमन चंद्राकर, समाजवादी साथी दुष्यंत कौशिक, नंदकुमार चंद्राकर, मानकी चंद्राकर, मंगलू राम ढीमर, नारायण नामदेव, प्रमोद तिवारी, अरुण साहू, गिरिजा शंकर चंद्राकर, तिलक साव, सुखनंदन धीवर, एचडी बघेल, सलीम, राजेश्वर खरे, रुपेश तिवारी, चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के समस्त सदस्य, शांत्रीबाई महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर, महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन राहुल चंद्राकर अध्यक्ष एवं संचालन ईश्वर चंद्राकर संचालक सदस्य ने किया।



### उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मान

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने ग्राम बरभाटा सिंघनपुर क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मान और आदर्श युवा समिति दुर्गा उत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया और उत्कृष्ट विद्यार्थियों एवं गांव समितियों के सदस्योंका सम्मान किया। ग्राम पंचायत झलप सिंघनपुर आश्रित ग्राम बरभाटा के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ लोक कला मंच जोहर ग्रुप की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान ग्रामवासी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# पोर्टल प्रारंभ करने प्रतिदिन 1000 रुपए जुर्माना वसूल करना अनुचितः फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के पत्र द्वारा परीक्षा वर्ष 2025 के लिए विद्यार्थियों के ऑनलाइन प्रविष्टि के लिए पुनः पोर्टल प्रारंभ करने के लिए विलंब शुल्क प्रतिदिन 1000 रुपए के दर से जुर्माना वसूल करने के आदेश अव्यवहारिक एवं प्रताड़नापूर्ण बताया है। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं जिलाध्यक्ष चमन चंद्राकर, महामंत्री हेमेंद्र आचार्य का कहना है कि यह आदेश को शासकीय स्कूलों के लिए राज्य शासन के कल्याणकारी नीति के विरुद्ध है।

फेडरेशन ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव, संचालक लोक शिक्षण एवं सचिव छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल को ईमेल भेजकर कड़ा आपत्ति दर्ज किया है। फेडरेशन के कहना है कि 31 जुलाई तक शाला प्रवेश का अंतिम तिथि होता है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रवेशित विद्यार्थियों का ऑनलाइन प्रविष्टि 31 अगस्त तक बोर्ड द्वारा निर्धारित किया गया है। लेकिन शासकीय विद्यालयों में अधिकांश विद्यार्थी गरीब परिवार से आते हैं। विद्यार्थियों के माता-पिता मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। आर्थिक तंगी के फलस्वरूप स्कूल में प्रवेश के निर्धारित समय में अपने बच्चों का प्रवेश शुल्क एवं बोर्ड परीक्षा शुल्क जमा करने में असमर्थ रहते हैं। लेकिन, राज्य शासन के मंशा अनुसार सबको शिक्षा देने के उद्देश्य से स्कूलों के प्राचार्य, विद्यार्थियों को शिक्षा की धारा से जोड़े रखने प्रवेश दे देते हैं। कुछ मामलों में प्राचार्य/शिक्षक विद्यार्थियों का फीस जमा करते हैं। लेकिन, बहुतायत मामलों में यह संभव नहीं हो पाता है। जिसके कारण अनेक मामलों में विद्यार्थियों की ऑनलाइन प्रविष्टि चाहकर भी निर्धारित समय में नहीं हो पाता है, ऐसे परिस्थिति में यदि ऑनलाइन प्रविष्टि में देरी के कारण विद्यालयों से जुर्माना वसूला जाएगा तो भविष्य में यह प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के हित में नहीं होगा।

फेडरेशन का कहना है कि पोर्टल को खोलने के लिए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 31 अगस्त 24 के पश्चात संबंधित संस्था (स्कूलों) से मंडल को पत्र प्राप्ति तिथि अथवा जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त एकजाई सूची 25 सितंबर 24 तक प्रति दिवस 1000 रुपए के दर से जुर्माना वसूला जा रहा है। अथार्त 25 दिवस का 25000 रुपए जुर्माना, जो कि शासकीय विद्यालयों के लिये अव्यवहारिक एवं प्रताड़नापूर्ण है।

उल्लेखनीय है कि अशासकीय विद्यालयों का भी कमोबेश यही स्थिति है। फेडरेशन का कहना है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल का विद्या पोर्टल में शालावार शिक्षक संवर्ग एवं विद्यार्थियों की जानकारी प्रविष्ट करने का कार्य करना होता है। कभी-कभी कंप्यूटर/इंटरनेट में तकनीकी खराबी के कारण कार्य प्रभावित होता है। यूडाइस एंट्री, स्कॉलरशिप और बोर्ड कार्य एक ही समय सीमा में किए जाने के कारण कार्यभार बढ़ जाता है। संस्था में संसाधनों की कमी तथा तकनीकी जानकर कर्मचारी (कंप्यटर ऑपरेटर) की अनुपलब्धता के कारण तकनीकी त्रुटि हो जाता है। बोर्ड के प्रशासकीय एवं वित्तीय समिति को मैदानी क्षेत्र के समस्याओं के दृष्टिगत निर्णय लेना चाहिए।

शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों से नाम मात्र वार्षिक शुल्क शासन के आदेशानुसार लिया जाता है। विद्यालय के अनेक कार्यप्रयोजन, शासन से प्राप्त आबंटन पर निर्भर रहता है। सेजस स्कूलों में फीस का प्रावधान ही नहीं है। संपूर्ण कार्य शासन से आबंटन पर निर्भर रहता है। ऐसे स्थिति में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा भारीभरकम जुर्माना लगाया जाना अनुचित है। बोर्ड को ऑनलाइन प्रविष्टि के लिए पोर्टल को निशर्त खोलना चाहिए। अन्यथा क्या प्राचार्य/शिक्षक बोर्ड के जुर्माना को अपने जेब से भरेंगे?

## लोहे की कीलों पर लेटकर प्रज्ज्वलित की ज्योत





**महासमुंद।** दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी के वार्ड क्रमांक 03 में शारदीय (क्वांर) के मौके पर मां काली सुंदरी माता के दरबार में दैवीय माता के पुजारिन दाई महिला भक्त ने अटूट श्रद्धा व भक्ति के साथ नवरात्र पर सरई लकड़ी से बने नए खाट में पीठ के बल लोहे की कीलों के सहारे लेटकर पेट में जलते हुए मनोकामना के मुख्य ज्योति कलश को रख नौ दिनों तक दीप प्रज्ज्वलित किया है।

### बेमचा स्कूल से 17 पंखे एवं खेल सामग्री की चोरी

**महासमुंद।** बीती रात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में चोरी हो गई। प्राचार्य कक्ष के पीछे 7 अध्यापन एवं खेल सामग्री कक्ष के लोहे के दरवाजा में लगा ताला को आरी या अन्य किसी वस्तु से काटकर कमरा के अंदर लगे 12 नग सीलिंग पंखा एवं 12 नग हॉकी स्टीक, गोला फेंकने वाले 10 नग लोहे का गोला समेत अन्य उपयोगी खेल सामग्री को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। इसकी सूचना प्राचार्य ने थाना सिटी कोतवाली को दी है।

# कौशिक की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

ग्राम खरोरा में महान समाजवादी नेता एवं भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री, महासमुंद के पूर्व विधायक और रायपुर व दुर्ग के पूर्व लोकसभा सांसद पुरुषोत्तम लाल कौशिक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा पुरुषोत्तम कौशिक ने गांव, गरीब और किसानों की बेहतरी के लिए आजीवन काम किया। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन में भी उनका अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान था। विधायक, सांसद और केंद्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने जनता को अपनी यादगार सेवाएं दी। कौशिक ने आपातकाल के दिनों में लोकतंत्र की



रक्षा के लिए भी संघर्ष किया और मीसाबंदी के रूप में जेल में रहे। मार्च 1977 से जुलाई 1979 तक केंद्रीय पर्यटन और नागरिक विमानन मंत्री रहे। इसके बाद जुलाई 1979 से जनवरी 1980 तक केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री के रूप में देश के विकास में सराहनीय योगदान दिया। पुरुषोत्तम लाल कौशिक का जन्म 24 सितंबर 1930 को महासमुंद में हुआ था। उन्होंने वर्ष 1947 में रायपुर के सालेम स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास की। उन्होंने वर्ष 1951 में सागर विश्वविद्यालय से बीए तथा 1954 में नागपुर विश्वविद्यालय से एलएलबी की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने वकालत शुरू की। कौशिक 1972 से 1977 तक तत्कालीन मध्यप्रदेश विधानसभा में महासमुंद क्षेत्र से विधायक रहे। इसके बाद वर्ष 1977 में देश की छठवीं लोकसभा के लिए रायपुर से सांसद निर्वाचित हुए।

# प्री मैट्रिक अजजा कन्या छात्रावास की प्रतिभावान छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**महासमुंद।** गांधी जयंती पर शासकीय प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास महासमुंद में प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में एसपी ध्रुव प्रांतीय संयुक्त सचिव अजाक्स व जिलाध्यक्ष शाअजजा सेवक संघ, तुलेंद्र सागर जिला सचिव अजाक्स, एमएल ध्रुव जिला संगठन सचिव अजाक्स एवं ब्लाक अध्यक्ष शाअजजा सेवक संघ, अजय ठाकुर सदस्य अजाक्स एवं युवा इंजीनियर सुरेंद्र ठाकुर रहे।

स्वागत उद्बोधन में छात्रावास अधीक्षिका ऋतु चंद्राकर ने बालिकाओं की विशेष उपलब्धियों को बताते हुए इस आयोजन के उद्देश्य को बताया। जिसमें कहा कि यह छात्रावास छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत आदिम जाति विभाग द्वारा संचालित है। वर्तमान में जिला के सुदूर ग्रामीण अंचल के 100 बालिकाएं छात्रावास में रहते हैं, जो नगर के अलग अलग स्कूलों में अध्ययनरत है। इन बालिकाओं का दैनिक दिनचर्या निर्धारित है। जिसमें अध्यापन के साथ साथ छात्रावास स्तर पर बालिकाओं के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए विभिन्न आयोजन कर बालिकाओं को सहभागिता कराते रहते हैं। इसी क्रम में 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत छात्रावास परिसर की साफ सफाई के साथ स्वयं के लिए स्वच्छता का अनुशरण करना सिखाया गया। बालिकाओं को प्रेरित करने के लिए विभिन्न सामाजिक, प्रतिष्ठित व्यक्तियों, अधिकारी कर्मचारियों को आमंत्रित कर प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया जाता है। ऐसे ही विभिन्न आयोजनों में सहभागिता किए बालिकाओं को पुरस्कृत कर प्रेरित किया जाता है। इसी क्रम में गांधी जयंती पर प्रतिभा सम्मान किया जाना है। शिक्षा सत्र 2023-24 दसवीं बोर्ड परीक्षा में छत्रावास में टॉप किए हैं



इसमें योगिता ध्रुव 89.8 प्रतिशत, देविका ध्रुव 89 एवं सुनिधि दीवान 82.30 प्रतिशत को प्रशस्ति एवं स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। इसी तरह से 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर जनजातीय महापुरुषों का बड़ा सा कोलाज पोस्टर बनाए, जिसमें जान्हवी दीवान, आरती साहू, आंकाक्षा दीवान, पूनम ध्रुव को संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह से प्रोत्साहित किए। छतीसगढ़ शासन की महती योजना पोषण आहार जागरूकता माह के अंतर्गत सलाद सजाओ प्रतियोगिता में दीपिका ध्रुव प्रथम, केवल ठाकुर द्वितीय एवं डिम्पल ध्रुव तृतीय स्थान को प्रशस्ति पर व मोमेंटो भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। अतिथि तुलेंद्र सागर ने छात्राओं को पढ़ाई करने और अधिक अंक लाने के लिए टिप्स दिए। एसपी ध्रुव ने अजजा समाज के महापुरुषों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आदर्श मान कर प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किए। एमएल ध्रुव ने भी अपने विचार रखें। अतिथियों ने अधीक्षिका ऋतु चंद्राकर के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन ओपी चंद्राकर शिक्षक केंद्रीय विद्यालय ने किया। कार्यक्रम में छात्रावास के कर्मचारी तनुजा दुबे, रेशमा आदि मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेटों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद




शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन एवं एनसीसी अधिकार लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में महाविद्यालय के सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग के कैडेट्स शामिल हुए। पूरे देश में इस महत्वपूर्ण अभियान के अंतर्गत चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में सर्वप्रथम समस्त कैडेटों ने अपने एनसीसी अधिकारी के साथ मिलकर अपने परेड ग्राउंड की साफ सफाई की। कई कैडेटों ने अपने घर में रहकर अपने गांव के विद्यालय, हॉस्पिटल, पंचायत आदि स्थानों की साफ सफाई की। अपने परिवारजनों और ग्रामवासियों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर के निर्देश में इन कैडेटों ने लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई। मिनी स्टेडियम ग्राउंड की साफ सफाई कर विशेष भूमिका निभाई। स्वच्छता के महत्व को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए कैडेटों ने पोस्टर मेंकिंग तथा नारा लेखन किया। बाद स्वच्छता के प्रति संकल्प भी लिया। कैडेटों को एनसीसी अधिकारी द्वारा स्वच्छता से संबंधित उचित निर्देश दिए गए और सामूहिक चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### छग न्याय यात्रा में शामिल हुए कांग्रेसजन

**सरायपाली।** विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निकाली गई छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में शामिल हुई। इस संबंध में मीडिया को जानकारी देते हुए विधायक नंद ने बताया कि प्रदेश में महिलाओं, आदिवासियों, अजा वर्ग के लोगों समेत हर वर्ग की जनता के ऊपर बढ़ते अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाते हुए और उन्हें न्याय दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी ने छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का आयोजन किया था जिसमें सरायपाली क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ हमने शामिल होकर आमजन की आवाज बुलंद की। न्याय यात्रा में आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, विधायक प्रतिनिधिद्वय घसिया सिदार, भरत मेश्राम, सीता पटेल, दीपांजलि बारीक, कुमोद्नी भोई, सरिता प्रधान, अरमान हुसैन, पार्षद सुरेश भोई, तन्मय पंडा, दीपक साहू, नीलांचल भोई, पंकज बीसी, मनोज पटेल, सूर्यकांत पटेल, केशव अग्रवाल, मनोज पटेल, रोशन नाग, राजा अग्रवाल, सुशील प्रधान, दुष्यंत साहू, विभीषण चौहान, जयंत यादव, शरद यादव, पन्नू अग्रवाल समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रहे।

### फॉर्च्यून नेत्रहीन करमापटपर में मनाई गांधी जयंती

**बागबाहरा।** फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमापटपर बागबाहरा में गांधी जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम स्वच्छता ही सेवा के तहत संस्था के प्राचार्य एवं संचालक के मार्गदर्शन में छात्र एवं शिक्षक सबने मिलकर परिसर की साफ सफाई किया। पश्चात महात्मा गांधी के छायाचित्र को संचालक निरंजन साहू एवं प्राचार्य रश्मि साहू द्वारा माल्यार्पण कर गांधी जयंती कार्यक्रम की शुरुआत की गई। छात्र-छात्राओं द्वारा महात्मा गांधी की जीवनी पर सुंदर भाषण दिया। भजन एवं गायन कार्यक्रम हुआ। इसके एक दिन पूर्व वृद्धजन दिवस पर संस्था द्वारा ग्राम करमापटपर बस्ती में पहुंचकर वरिष्ठजनों को कंबल वितरित किया गया। संस्था के संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत आम पौधा रोपित किया गया है। कार्यक्रमों ने छात- छात्राओं सहित संचालक निरंजन साहू, प्राचार्य रश्मि साहू, छात्रावास अधीक्षक लक्ष्मीप्रिया साहू, शिक्षकगण पुष्पलता पटेल, ललिता साहू, भूमिका यादव, लोकनाथ घृतलहरे, नरोत्तम बघेल सम्मिलित हुए।

## आयोजन : शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी में वीरगाथा 4.0 का हुआ आयोजन

# देश को आजाद कराने में महापुरुषों के योगदान और अंग्रेजों के विरुद्ध किए गए संघर्षों को बताया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा

शासकिय प्राथमिक शाला भेंडरी (लोहरसी) में शनिवार को वीरगाथा 4.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न दुर्घटनाओं के समय लोगों के मदद कर राहत पहुंचाने और अपना योगदान साहस एवं निडरता के साथ कैसे करें बच्चों को जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही बच्चों द्वारा विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। झांसी की रानी लक्ष्मी के भेष में लुप्तांजली गोस्वामी ने उनके जीवन चरित्र एवं अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्षों, देश को आजाद कराने में दीए गए योगदान को बताया गया। भावेश यादव द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भेष में गांधी ग्राम स्वराज के परिकल्पना एवं सत्य अहिंसा के माध्यम से चलाए गए असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन के माध्यम से अंग्रेजों की दो सौ वर्षों की दासता से आजाद कराने के योगदान को बताया गया। कुमुद साहू द्वारा भारत के शान तिरंगा झंडा के तीन रंगों के महत्व को बताया गया। राधिका यादव एवं मोहित कुमार साहू द्वारा महापुरुषों का चित्र बनाकर उनके महान योगदान को बताया गया। संस्था के प्रधानपाठक भागचंद चतुर्वेदी द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एव सोनाखान के राजा शहीद वीरनारायण सिंह के जीवन चरित्र उनके प्रजा हितैषी कार्यो अंग्रेजी शासन के साथ संघर्षों, जेल में दिए गए यातनाओं को बच्चों को बताया गया।

### महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लें और आगे बढ़े

सरपंच मोहनलाल साहू द्वारा सभी महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन मे आगे बढ़ने बच्चों को प्रेरित किया गया एवं बच्चों को देश प्रेम की भावनाओं से अवगत कराया ताकि बड़े होकर आप देश की सभ्य नागरिक बनकर सेवा कर सके।

### कड़ी मेहनत से मिलती है सफलता : निषाद

शिक्षक रेखराम निषाद द्वारा हमारे देश के प्रथम कानून मंत्री एवं संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बहुत ही कठिन संघर्ष कर पढ़ाई किए आज हम सबको को पढ़ने का अधिकार मिला वह बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के कारण मिला है। आप सब अच्छा से पढ़ाई करो और सफतला प्राप्त करो यही कामना करता हूँ। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक टीकूराम ध्रुव द्वारा एवं आभार व्यक्त शिक्षक लालजी सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक प्रदीपकुमार साहू का अमूल्य योगदान रहा। कार्यक्रम में सरपंच मोहनलाल साहू, पालक पेमनलाल साहू, रूपेश्वर साहू, भागचंद चतुर्वेदी, लालजी सिन्हा, टीकूराम ध्रुव, रेखराम निषाद, प्रदीप कुमार साहू बाल केबिनेट के सदस्य सनत कुमार साहू, पेशान्त साहू, भावेश यादव, मोहित साहू, लुप्ताजंलि गोस्वामी, कुमुद साहू, राधिका यादव, योगिता साहू, सुशांत साहू सहित 93 बच्चे उपस्थित थे।

# पीएम सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी, किसानों में हर्ष



**छुईहा बेलर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त के वितरण के 5 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से सिंगल क्लिक से किसानों के बैंक खाते में राशि जारी कर दिया गया है। किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से बिना किसी बिचौलिए की भागीदारी के भूमिधारक किसानों को सालाना 6,000 की दो हजार रुपये 18वीं किस्त का प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिला है। निधि जारी होने पर उपस्थित लिखन राम निषाद, जगदेव सिन्हा यादू राम पटेल , हेमलाल साहू, भुवन लाल साहू, डेरहा राम पटेल, यादराम पटेल, प्यारे लाल पटेल, रवि साहू मोहन निषाद, भैय्या राम निषाद, मुकेश निषाद, दयालु राम साहू, हेमंत निषाद, नंदू यादव, दयाराम साहू सहित 50 कृषक निधि की राशि खाते में आने पर खूशी जाहिर किया। भाजपा व किसान लिखन निषाद बिजली ने कहा की इस योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को सहायता मिलती है। इस मौके पर बीआर साहू, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केके साहू, कृषि विकास अधिकारी, केआर वर्मा ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी, हरिशंकर सुमेर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, तरुण साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ग्राम बिजली सहित आसपास लाभान्वित किसान द्वारा पीएम किसान उत्सव दिवस शनिवार को मनाया गया जिसमें शामिल हुए।

# कवक दिवस पर फोटोग्राफी व मॉडल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा



आईएसबीएम विश्वविद्यालय छुरा में विज्ञान संकाय, विज्ञान क्लब और माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स सोसायटी के तत्वावधान में 5 अक्टूबर को विश्व कवक दिवस के अवसर पर फंगस फेस्ट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पोस्ट, मॉडल और फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. विनय एम अग्रवाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहल है विद्यार्थियों के प्रदर्शन को देखकर उनका उत्साह वर्धन किया और प्रेरित किये। मुख्य अतिथि डॉ. आनंद महलवार ने फंगस की क्लासिफिकेशन के बारे में विस्तृत चर्चा किये और कहा कि यह हमारे निजी जीवनचार्य का मुख्य हिस्सा बन चुका है। यह हमें प्रत्मक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है साथ ही फंगस से होने वाले लाभ एवं हानि के बारे में भी बताया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता सुभाशीष बिस्वास ने बताया कि फंगस हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है फंगस नुकसानदायक भी हो सकता है यह हमारे विवेक के ऊपर निर्भर करता है कि हम फंगस का किस प्रकार से उपयोग करें इनका जो है उपयोग विभिन्न प्रकार के मेडिसिन जैसे कैंसर ट्रीटमेंट इत्यादि में किया जाता है। विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष डॉक्टर पूनम वर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि विश्व में 150 लाख फंगस पाया जाता है, जिनमें से 75000 को पहचाना गया है उन्होंने बताया कि फंगस का उपयोग विभिन्न प्रकार के दवाइयां एवं एंटीबायोटिक बनाने के लिए किया जाता है। इस कार्यक्रम में अतिथियों द्वाराप्रतिभागियों को प्रशस्ती पत्र प्रदान किया गया जिसमें पोस्ट कॉम्पिटिशन में प्रथम स्थान कामिनी, द्वितीय स्थान अनिता, तृतीय स्थान रिद्धि कहर ने प्राप्त किया। स्सेप कलेक्शन में प्रथम स्थान रिद्धि कहर, द्वितीय स्थान शिवम सिन्हा और तृतीय स्थान डेमन दिवान ने प्राप्त किया। मॉडल कंपिटीशन में प्रथम स्थान रिद्धि कहर ने प्राप्त की। कार्यक्रम का समापन मिस ट्विंकल दीपक, सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र द्वारा किया गया।

# केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से आम जनता हो रहे लाभान्वित : मांझी



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर जनपद पंचायत सभाकक्ष में शनिवार को आंकाक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जनपद पंचायत मैनपुर की अध्यक्ष नूरमाती मांझी एवं उपाध्यक्ष नंद कुमारी राजपूत एवं जनपद सीईओ डीएस नागवंशी द्वारा छत्तीसगढ़ माता की पूजा अर्चना कर किया। भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमे विभिन्न विभागों के 40 संकेतक रखे गए हैं इन्हीं संकेतको में से 6 संकेतक को शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिए जुलाई से सितंबर के बीच संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा था। जिसका समापन समारोह जनपद पंचायत मैनपुर के सभा कक्ष में रखा गया था। संपूर्ता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी को जिला प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष नूरमती मांझी ने कहा की केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिनका सीधा लाभ ग्रामीण अंचलों के लोगों को मिल रहा है। सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के चलते लोगों के जीवन स्तर में बदलाव देखने को मिल रहा है। इस कार्यक्रम में बीएम ओ डॉ. गजेन्द्र ध्रुव, एडिशनल सीईओ डीके शांडिल्य, पंचायत इंस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा, निखिलेश कुमार वर्मा, हेमंत, विजय रात्रे एरिया को ऑर्डिनेटर पीआर निधि साहू, रेवती मन्हारे , गणेश सोनी, रूखमणी, कुमारी पटेल, गौरी पटेल, भावेश साडिल्य, परमिला तारक, खिलेन्द्री परस, सिरमोतीन बाई, मुकेश साहू, पूरन,चन्द्र किशोर, बोध पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी बिहान एवं स्वास्थ्य विभाग महिला विभाग के अधिकारी कर्मचारी आम जनता उपस्थित थे। इस दौरान विभिन्न विभाग द्वारा स्टाल लगाया गया था जहां जनपद अध्यक्ष नूरमती मांझी द्वारा निरीक्षण किया गया।

# बच्चों को न्योता भोज में खीर पूरी एवं जलेबी परोसा गया



**राजिम।** प्राथमिक शाला पितईबंद रोड राजिम में साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के संगठन मंत्री बलराम साहू एवं भारती साहू द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया। नेवता भोज का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी, बीआरसीसी सुभाष शर्मा, संकुल समन्वय धर्मेंद्र ठाकुर एवं सामाजिक नेता रामकुमार साहू द्वारा छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर किया गया। नेवता भोज में छात्र-छात्राओं के लिए खीर, पुरी, जलेबी विशेष रूप से परोसा गया एवं एवं पंडित के मंत्रोपचार से छात्राओं की कन्या पूजन कर कॉपी, पेन, कंपास एवं पूजन सामग्री प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान अध्यापिका अंजनी यादव, खेमिन साहू, राजेंद्र पाल, सीमा ननवरे, कंचन शर्मा, उमा साहू एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

## कचना धुरवा कॉलेज के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता पखवाड़ा समारोह मनाया

# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने खेल मैदान की सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा






राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों द्वारा कचना धुरुवा महाविद्यालय में 2 अक्टूबर को स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। कचना धुरुवा महाविद्यालय के स्वयंसेवको ने महात्मा गांधी की जयंती पर महाविद्यालय परिसर, खेल मैदान की साफ- सफाई कर स्वच्छता पखवाड़ा का समापन किया। जो 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक था। इस उल्लिखित अवधि के दौरान, एनएसएस स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर, छात्रावास, औषधालय, आवासीय क्षेत्र, ग्राम, कस्बे, शहर और सभी संभव कार्य स्थलों को साफ रखने की शपथ ली। इसके अलावा उन्होंने खेल मैदान, पार्किंग स्थल जैसे कुछ महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों की भी सफाई की है। उन्होंने स्वच्छता रैली का आयोजन किया और उसमें भाग लिया इस रैली का उद्देश्य अन्य युवा छात्रों, कर्मचारियों और संकाय सदस्यों को स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना है, जो धरती और जीवन को स्वस्थ रखने के लिए महत्वपूर्ण है। छात्रों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीके साहू, कार्यक्रम अधिकारी, आर आर कुर्रे, प्राध्यापक तरूण निर्मलकर, पवन कुमार यादव, विनोद यादव, केआर साहू, टेमन साहू, प्राध्यापिका निर्मला यादव, आरती साहू उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. डीके साहू एवं कॉलेज प्रबंध समिति के सदस्य टीके यदु ने महाविद्यालय परिसर और आसपास को स्वच्छ बनाने में स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की व सभी स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दीं और स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के आयोजन के लिए एनएसएस टीम को बधाई दी।




## अंचल में दुर्गोत्सव की धूम






















**राजिम।** क्षेत्र के बकली के बस्तीपारा, भांठापारा, पितईबंद, रांवड़, परसदा जोशी में बजरंग चौक और गौरी चौक, पोखरा व पसौद के किसान पारा, हथखोज के किसान पारा, कुम्ही में बस्तीपार में मां दुर्गा की स्थापना किया गया है।

# टेंगनाबासा में विराजीं मां दुर्गा



**छुरा।** ग्राम टेंगनाबासा में दुर्गा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। क्षेत्रीय जनपद सदस्य व सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर ने नवरात्रि के दूसरे दिन परिवार, समाज एवं क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामना करते हुए आशीर्वाद मांगा आस्था के कुल 32 मनोकामना ज्योति भी जलाएं हैं। इस मौके पर उप सरपंच मोहेंद्र सिन्हा, पंडा शिव सिन्हा, शीतला पुजारी अवध ध्रुव, हरीराम सिन्हा, झुमुक लाल सिन्हा, बीजू राम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।





छुईहा बेलर। ग्राम परसाही में दुर्गोत्सव की धूम



छुईहा बेलर। ग्राम चरौदा मानस प्रचार समिति स्कूल चौंक

